जनसत्ता (Jansatta)

दिनाँक (Dated): 21.05.2025	पृष्ठ सं० (Page No). 20	क्रम सं०(Serial No.) 14

गीता सामोता माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाली सीआइएसएफ की पहली कर्मी बनीं

नई दिल्ली, 20 मई (भाषा)।

सब इंस्पेक्टर गीता सामोता केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के 56 साल के इतिहास में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली कर्मी बन गई हैं। सीआइएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सोमवार को 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत की चढ़ाई पूरी की।

प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'गीता दुनिया की शिखर पर खड़ी थीं और यह एक विजयी क्षण था। यह न केवल व्यक्तिगत जीत का प्रतीक था, बल्कि सीआइएसएफ और राष्ट्र के तौर पर भारत के अविश्वसनीय जज्बे और मजबूती का भी प्रतीक था।' पैंतीस साल की अधीनस्थ अधिकारी 2011 में इस अर्धसैनिक बल में शामिल हुईं। वह वर्तमान में सीआइएसएफ की उदयपुर हवाई अड्डा इकाई में तैनात हैं। राजस्थान के सीकर जिले के चाक गांव की गीता शुरुआत में हाकी खिलाड़ी थी लेकिन चोट लगने के कारण वह इस खेल से दूर हो गयी।

प्रवक्ता ने कहा कि उस समय सीआइएसएफ के पास पर्वतारोहण टीम नहीं थी। उन्होंने बताया कि गीता ने पर्वतारोहण में विशेष प्रशिक्षण लिया और 2019 में वह उत्तराखंड में माउंट सतोपंथ (7,075 मीटर) और नेपाल में माउंट लोबुचे (6,119 मीटर) पर चढ़ने वाली किसी भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की पहली महिला बनीं।